भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

AMAR UJALA NEW DELHI 13 OCTOBER 2024

# एयरपोर्ट पर उड़ान भरकर उपकरण परखने का काम पूरा

## तीन दिन चले उड़ान परीक्षण में की गई जांच, 15 अक्तूबर से रनवे की टेस्टिंग का काम शुरू होगा

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान शुरू करने के लिए शनिवार को तीसरे दिन भी नेवीगेशन रडार व अन्य उपकरणों की सक्रियता की जांच गई।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एयरक्राफ्ट ने दो बार उड़ान भरकर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) को परखा। 15 अक्तूबर से रनवे की टेस्टिंग का काम शुरू होगा। परीक्षण की रिपोर्ट एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और महानिदेशक नागरिक उड्डयन को भी भेजी जाएगी। यह तीन दिन का उपकरण परीक्षण सत्र था। अप्रैल 2025 से यहां पर उड़ान शुरू करने का लक्ष्य है। अब तक एयरपोर्ट पर कैट-1 और कैट-3 उपकरण लगाए जा चुके हैं। यह उपकरण सर्दियो में कोहरा होने की स्थिति में विमान की ऊंचाई और उसकी विजिबिलिटी की जानकारी देते हैं। साथ ही इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) भी लगाया गया है जिसकी जांच विमानपत्तन प्राधिकरण के एयरक्राफ्ट उड़ाकर की जा रही है। यह उपकरण व्यवसायिक उड़ानों से पहले कैलिब्रेशन फ्लाइट से नेविगेशन में सहायता करता है। साथ ही रनवे पर लाइटिंग व्यवस्था और एयरस्पेस की भी जानकारी देता है। इसी उपकरण के जरिए रनवे की कई प्रकार से जांच की जाती है।

शनिवार को विमान ने उड़ान भरकर वहां पर लगे नेविगेशन उपकरण और रडार आदि की सूचनाओं की सटीकता परखी गई। जेवर एयरपोर्ट पर 3900 मीटर का एक रनवे बनकर तैयार हो चुका है।


नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

### उड़ान शुरू करने के साथ ही विस्तार की भी योजना

पिछले दिनों प्रदेश सरकार ने जिले की कृषि योग्य भूमि के अधिग्रहण की सीमा को 5 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया। इसके बाद एयरपोर्ट के पास होटल, रेस्तरां के अलावा यातायात और अन्य सुविधाओं को जमीन नहीं मिलने के का रास्ता भी साफ हो गया है। फाइव और सेवन स्टार होटल रेस्तराओं के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय इकाइयां अपनी ब्रांच स्थापित कराने के लिए कतार में है।

DAINIK BHASKAR JAIPUR 12 OCTOBER 2024

# किशनगढ़ एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन संभालेंगे सीएल मीना

**जयपुर|** जयपुर एयरपोर्ट में टर्मिनल मैनेजमेंट में कार्यरत सीएल मीना का गुरुवार किशनगढ़ तबादला हो गया। रात सवा 3 बजे एयरपोर्ट पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने मीना को विदाई दी।



मीना शुक्रवार अलसुबह 4 बजे जयपुर से साइकिल से रवाना होकर करीब साढ़े 7 घंटे में किशनगढ़ एयरपोर्ट पहुंचे। मीना 13 वर्षों से जयपुर एयरपोर्ट में सेवाएं दे रहे थे। वे एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा आयोजित किए जाने वाले स्पोर्ट्स इवेंट्स में भी साइक्लिंग करते रहे हैं। मीना ग्रीन इंडिया, क्लीन इंडिया संकल्प के तहत पर्यावरण बचाने के उद्देश्य से साइक्लिंग करते हैं। गौरतलब है कि मीना एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया में अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN NEW DELHI 13 OCTOBER 2024

# एयरपोर्ट पर टूटे फोरकोर्ट का अभी नहीं हुआ पुनर्निर्माण

गौतम कुमार मिश्रा • जागरण

नई दिल्ली : जून में भारी वर्षा के दौरान आइजीआइ एयरपोर्ट टर्मिनल-1 के डिपार्चर एरिया के फोरकोर्ट की छत का जो हिस्सा टूटकर गिरा था, वह अभी भी नहीं बना है। घटना के बाद क्षतिग्रस्त हिस्से के मलबे को वहां से हटा तो लिया गया, लेकिन इसे कब बनाया जाएगा, यह कोई नहीं बता रहा है। यात्रियों को क्षतिग्रस्त हिस्सा नजर न आए, इसके लिए वहां फोरकोर्ट एरिया में अस्थायी दीवार खड़ी कर दी गई है। क्षतिग्रस्त हिस्से का पुनर्निर्माण नहीं होने से यात्रियों को डिपार्चर के लिए एक तल के बजाय दो अलग तलों से टर्मिनल में प्रवेश करना पड़ रहा है। इस स्थिति में कई बार यात्रियों के बीच भ्रम की स्थिति बन जाती है। एयरपोर्ट संचालन से जुड़ी एजेंसी डायल से इस बारे में उनका पक्ष पूछा गया, लेकिन उपलब्ध नहीं हो सका।



टर्मिनल-1 में प्रथम तल से इंडिगो यात्रियों को ही मिल रहा प्रवेश • जागरण

- आइजीआइ एयरपोर्ट टर्मिनल-1 का फोरकोर्ट जून में टूटा था
- प्रस्थान के लिए एक के बजाय दो तलों से यात्री कर रहे हैं प्रवेश

## टर्मिनल एक पूरी तरह शुरू हो तो टर्मिनल-2 पर कम हो भीड़

टर्मिनल एक के फोरकोर्ट के पूरी तरह नहीं बनने के कारण अभी डिपार्चर के लिए जितनी उड़ानों का यहां से संचालन हो सकता है, उसका पूरी तरह इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। नतीजा यह है कि टर्मिनल दो पर उड़ानों का जो दबाव है, वह अपनी जगह कायम है। टर्मिनल दो पर कई बार यात्रियों की ज्यादा भीड़ नजर आती है, जबकि वह आकार में टर्मिनल एक से काफी छोटा है।

**पहले एक तल, अब दो अलग तलों से हो रहे प्रवेश से भ्रम की स्थिति :** जून की घटना से पहले यात्रियों को डिपार्चर के लिए प्रथम तल से टर्मिनल में प्रवेश मिलता था। यहां छह गेट थे। सभी गेट का सभी यात्री इस्तेमाल करते थे, लेकिन फिलहाल चार गेट बंद हैं। प्रथम तल पर अभी दोनों गेट से प्रवेश केवल इंडिगो यात्रियों का हो रहा है। स्पाइसजेट के यात्रियों को इन दोनों गेटों से प्रवेश नहीं मिल पाता है। उनके लिए भूतल पर एक गेट बनाया गया है। इससे भ्रम की स्थिति यात्रियों के बीच बनी रहती है। यात्री जब एयरपोर्ट पर पहुंचते हैं तो वे जब किसी से पूछते हैं कि डिपार्चर एरिया कहां है तो उन्हें प्रथम तल का पता बताया जाता है, क्योंकि लंबे समय से आइजीआइ एयरपोर्ट के तीनों टर्मिनल पर डिपार्चर के लिए प्रथम तल का ही इस्तेमाल होता चला आ रहा है। स्पाइसजेट के यात्री जब प्रथम तल पर पहुंचते हैं तो उन्हें पता चलता है कि उन्हें प्रवेश भूतल पर बने गेट से मिलेगा।

**डिजियात्रा की सुविधा अब तक नहीं हुई बहाल :** डायल का दावा था कि टर्मिनल-1 अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, लेकिन यात्रियों को यहां अब तक डिजियात्रा से प्रवेश की सुविधा नहीं मिल रही। यह कब शुरू होगी, कुछ पता नहीं है।

**INAUGURAL TAKEOFF | IAF aircraft C295 test lands at newly-laid runway; Su-30 flies past**

# Navi Mumbai airport finally takes udaan



**Bhalchandra Chorghade**
NAVI MUMBAI

In a significant milestone for the Navi Mumbai International Airport (NMIA), the Indian Air Force's (IAF) C295 aircraft successfully conducted a test landing and fighter jet Su-30 flew past its air strip on Friday. The event marked the operational readiness of the airport and ignited the aspirations of millions of potential flyers.

The C295, a versatile transport aircraft, was piloted by a skilled crew from the IAF. It touched down on the freshly laid runway, highlighting the collaborative efforts with the airport authorities to ensure top-notch aviation safety and infrastructure standards.

Promising operations in March 2025, Maharashtra Chief Minister Eknath Shinde said, "This is a Dussehra gift to the millions of people of the Mumbai Metropolitan Region (MMR). The day will remain etched in the memories of the people of MMR as well as Maharashtra... After the project remained stalled for many years, it was our government that streamlined it and made it a reality."



Salman Ansari

**CM Shinde said it's his government's Dussehra gift to the people of MMR; assures March 2025 operations**

The CM said, "We are also committed to providing connectivity between the existing Chhatrapati Shivaji Maharaj International Airport (CSMIA) and NMIA through Metro and the government machinery is working round-the-clock to fulfil this promise. We completed all the projects in time and will ensure that this development is also done before the stipulated time."

Stating that the Greenfield NMIA with state-of-the-art amenities will provide the much-needed boost to the MMR and the state, Deputy Chief Minister Devendra Fadnavis said that the commercial operations at NMIA will start within the specified time.

Union minister of state for civil aviation Murlidhar Mohol, Maval MP Shrirang Barne, Raigad MP Sunil Tatkare, CIDCO chairman Sanjay Shirsat, CIDCO vice-chairman and MD Vijay Singhal and other dignitaries were also present on the occasion.

NMIA, one of the largest greenfield international airports by the Adani group, is planned to handle 90 million passengers and 2.5 million tonnes of cargo annually. The second international airport in MMR is planned as a major gateway to the country and will operate as part of an urban dual airport system along with the existing CSMIA.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

HARI BHUMI NEW DELHI 13 OCTOBER 2024

## प्रधानमंत्री मोदी 21 को रीवा एयरपोर्ट का करेंगे वर्चुअली लोकार्पण

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अक्टूबर को रीवा एयरपोर्ट का वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। रीवा में लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित केंद्रीय मंत्री तथा प्रदेश सरकार के मंत्रीगण भी उपस्थित रहेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने लोकार्पण कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में मंचीय व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate
HINDUSTAN TIMES MUMBAI 12 OCTOBER 2024

# First touchdown: IAF successfully lands C-295 at Navi Mumbai airport

Domestic operations are likely to begin before March 2025 deadline, says CM Eknath Shinde

**G Mohiuddin Jeddy**
htmumbai@hindustantimes.com

**NAVI MUMBAI:** After the Atal Setu's inauguration in January this year, all eyes are on the government's next big project–the Navi Mumbai International Airport (NMIA).

To that end, an important milestone was achieved when the Indian Air Force (IAF) successfully conducted a landing trial with its C-295 aircraft, which touched down on the runway on Friday around noon. This has boosted the plans to start domestic operations at the airport before the targeted March 2025 deadline.

The large multi-role tactical airlifter touched down at 12:14 pm, on the 3,700-metre southern runway 26, work on which was recently completed. The event was greeted with cheers by onlookers and the aircraft was given a water cannon salute. It was followed by a Sukhoi Su-30 fighter aircraft flypast. Chief minister Eknath Shinde, deputy chief minister Devendra Fadnavis, union minister of state Murlidhar Mohol along with MPs, MLAs, CIDCO chairman Sanjay Shirsat and vice-chairman and managing director Vijay Singhal, and a host of eminent personalities witnessed the event.

### 'Historic day'

Shinde called it a "historic day not just for Navi Mumbai but also Maharashtra". "We wanted the airport to be started at the earliest to ease the burden on Mumbai airport. The successful landing today on the auspicious occasion of Navratri and Dussehra, has ensured the airport will be a reality soon," Shinde said.

He added, with 75% of the terminal building ready, the target of March 2025 for domestic operations followed by international operations, can be achieved. "In fact, taking into account the pace of work, we plan to start it before March," he said. With an eye on the assembly elections, he continued, "Now, we are ready for flight as well as fight. Just like the Sukhoi fighter plane, we have Prime Minister Narendra Modi as the fighter for the people of the country. *Ek Modi sab pe bhaari* (One Modi is enough to beat everyone) was witnessed in Haryana and the Lok Sabha election."



**The Indian Air Force's C-295 aircraft touched down at 12:14 pm on the 3,700-metre southern runway 26, work on which was recently completed.** SATISH BATE/HT PHOTO

He added that the airport will be named after DB Patil, former member of Lok Sabha and social activist, as he "dedicated his life for the people of the region, and we all have immense respect for him". Shinde put emphasis on the fact that once the airport is up and running, there will be a spurt of job opportunities for locals in the region, through growth centres, IT Parks, data centres and other projects.

### Boost for Maharashtra

Fadnavis spoke in a similar vein: "The airport will boost Maharashtra's development and be a boon for Mumbai region. It showcases modern Bharat."

Jeet Adani, director of Adani Airport Holdings Ltd, called it a critical milestone in the airport's journey.

"The touchdown marks an essential phase where the newly built runway, taxiways, air traffic control systems and handling procedures are put to the test to ensure that the airport meets all safety, regulatory and operational requirements. It allows engineers, aviation authorities and airport operators to evaluate the performance and readiness of key infrastructure, and signifies that the airport is on track to complete its final stages of development."

### The new airport



**₹18,000cr** Cost to set up the airport, which was launched by PM Narendra Modi in 2018.

**PARTNERSHIP:** It is being developed through a public-private partnership by Navi Mumbai International Airport Limited, a special-purpose vehicle formed by Adani Airports Holdings Limited and CIDCO.

**90mn** Number of passengers the airport will be able to handle annually.

**2.6mn tonnes** Volume of cargo to be handled annually.

**PARKING FACILITIES:** 350 aircraft can be parked at a time. There will be two parallel runways and two full-length parallel taxiways.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN TIMES MUMBAI 12 OCTOBER 2024

# Successful trial landing at new airport



An important milestone was achieved on Friday when the Indian Air Force successfully conducted a landing trial at the upcoming Navi Mumbai international airport with its C-295 aircraft, which touched down on the runway around noon. This has boosted the plans to start domestic operations at the airport before the targeted March 2025 deadline. Related story on page 6 PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

JANSATTA NEW DELHI 13 OCTOBER 2024

# प्रधानमंत्री मोदी 21 को रीवा में हवाई अड्डे का करेंगे उद्घाटन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 अक्तूबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 अक्तूबर को मध्य प्रदेश के रीवा में आभासी माध्यम से हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। यह मध्य प्रदेश का छठा हवाई अड्डा होगा। शनिवार को एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। प्रदेश सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने हवाई अड्डे के उद्घाटन की तैयारियों की शुक्रवार को समीक्षा की। इसमें कहा गया है कि 21 अक्तूबर को रीवा में उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री समेत प्रदेश के मंत्री भी मौजूद रहेंगे। समीक्षा बैठक के दौरान शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देश दिए और कार्यक्रम स्थल पर मंच सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पिछले महीने विंध्य क्षेत्र में रीवा हवाई अड्डे को संचालन लाइसेंस दिया था। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और खजुराहो के बाद रीवा में प्रदेश में छठा हवाई अड्डा तैयार किया गया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

SWATANTRA BHARAT LUCKNOW 12 OCTOBER 2024

# Ahead of commissioning, IAF aircraft lands at Mumbai International Airport

T N RAGHUNATHA
MUMBAI

In a significant milestone witnessed months ahead of the commissioning of the Navi Mumbai International Airport (NMIA), a C-295 transport aircraft of the Indian Air Force (IAF) landed on its runway on Friday afternoon.

The C-295, a medium tactical transport aircraft, landed around 1215 hrs after which it was accorded a water salute.

As the transport aircraft touched the NMIA's runway, there was a stunning flypast by Sukhoi-30 fighter jets of the IAF. The inaugural landing of aircraft marked a new beginning in the country's aviation sector.

The NMIA has been developed by the Navi Mumbai International Airport Pvt Ltd (NMIAL), which is a special-purpose vehicle formed by the Adani Airports Holdings Ltd (AAHL) and City and Industrial Development Corporation of Maharashtra Ltd (CIDCO). The CIDCO is the nodal agency for the project.



A Greenfield airport, NMIA will serve as the second international airport for the Mumbai Metropolitan Region (MMR), to be operated alongside the Chhatrapati Shivaji Maharaj International Airport (CSMIA) of Mumbai.

The NMIA is expected to absorb 10 million passengers in its first operational year and 25 million passengers in the two subsequent years and ultimately 40 million by 2030 to 35.

The importance of NMIA should be realized from the fact that the Mumbai airport currently handles 26 million passengers annually and the traffic flow has now increased to 45 million passengers and the figure will go up to 119 million by 2035.

After the landing of the transport aircraft, chief minister Eknath Shinde inspected the runway at the airport, and congratulated the IAF officers present. He also sat in the cockpit of the The C-295

"After the successful testing of the runway, it will soon be possible for us to operate domestic and international flights from this airport," Shinde said.

"A historic moment for Navi Mumbai as we celebrate the first landing on the new airport with the Indian Air Force's C-295! Grateful for the support of IAF, including a stunning low pass by the Su-30. This marks the dawn of a new era in Indian aviation, where the sky is no longer the limit. Together, we soar higher," AAHL Director Jeet Adani wrote on micro-blogging site "X".

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

SWATANTRA BHARAT LUCKNOW 12 OCTOBER 2024

# नवी मुंबई एयरपोर्ट पर पहली बार विमान उतरा



**नवी मुंबई।** नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार को भारतीय वायु सेना के विमान सी-295 ने सफल लैंडिंग की। यह रनवे टेस्टिंग ट्रॉयल था। विमान में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे भी बैठे नजर आए। एयरपोर्ट ऑपरेटर के अनुसार, भारतीय वायुसेना का ट्रांसपोर्ट कैरियर सी295 दोपहर 12.14 बजे एयरपोर्ट के साउथ रनवे 26 पर उतरा।

विमान को वाटर कैनन सलामी भी दी गई। इस एयरपोर्ट का निर्माण अडाणी ग्रुप ने किया है। मार्च 2025 तक एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हो जाएगा। एयरपोर्ट की कैपेसिटी 10-11 करोड़ पैसेंजर्स की है। अडाणी ग्रुप एयरपोर्ट बिजनेस में 60,000 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। अडाणी ग्रुप अगले 10 साल में रनवे, टैक्सी वे, एयरक्राफ्ट पार्किंग स्टैंड और टर्मिनल के साथ सिटी साइड इंफ्रास्ट्रक्चर पर यह खर्च करेगा।

- **वायुसेना के सी-295 की सफल लैंडिंग**
- **सीएम शिंदे भी विमान में बैठे**
- **एयरपोर्ट मार्च में शुरू होगा**

नवी मुंबई एयरपोर्ट के पहले फेज के डेवलपमेंट के लिए 18,000 करोड रुपए खर्च किए हैं। इसके मार्च 2025 तक चालू हो जाने की उम्मीद है। इस इन्वेस्टमेंट को मिलाकर अडाणी ग्रुप एयरपोर्ट डेवलपमेंट के लिए टोटल 78,000 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA NEW DELHI 13 OCTOBER 2024

# कर्मचारियों की हड़ताल के घाटे से निपटने के लिए बोइंग 17,000 नौकरियों में करेगी कटौती

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग इस वक्त मुश्किलों का सामना कर रही है। एक महीने से चल रही 33,000 कर्मचारियों की हड़ताल से महत्वपूर्ण विमानों का उत्पादन ठप हो गया है। इससे कंपनी को हर महीने एक अरब डॉलर नुकसान हो रहा है। नुकसानों से निपटने के लिए कंपनी 17,000 नौकरियां कम करने जा रही है। यह उसके वैश्विक कार्यबल का 10 फीसदी है।

इसके साथ ही, बोइंग अपने नए 777 एक्स विमान की पहली डिलीवरी को एक साल के लिए टाल रही है। इस तिमाही में कंपनी को 5 अरब डॉलर का नुकसान झेलना पड़ा है। बोइंग के शेयरों में आफ्टर-मार्केट ट्रेडिंग यानी बाजार के बाद व्यापार में 1.1 फीसदी की गिरावट आई। कंपनी के सीईओ, केली ऑर्टबर्ग ने बताया, नौकरी में यह कटौती उनके वित्तीय हालात से निपटने के लिए जरूरी है। हड़ताल की वजह से 737 मैक्स, 767, और 777 जैसे अहम विमानों का उत्पादन थम गया है। ऑर्टबर्ग ने यह भी कहा कि बोइंग को जीवित रहने के लिए मुश्किल फैसले लेने पड़ रहे हैं। इनमें सभी स्तरों पर कर्मचारियों की छंटनी शामिल है, चाहे वे उच्च अधिकारी हों, प्रबंधक हों या सामान्य कर्मचारी।



## 777 एक्स जेट की डिलिवरी 2026 तक टली

हड़ताल के अलावा बोइंग को अन्य परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि उसके 777 एक्स जेट को प्रमाणित करने में देरी हो रही है। इस देरी के कारण अब इस विमान की पहली डिलीवरी 2026 तक टल गई है। इसके अलावा, कंपनी 2027 तक अपने 767 मालवाहक विमानों का उत्पादन बंद कर देगी, लेकिन केसी-46ए टैंकरों का निर्माण जारी रहेगा।

## कर्मचारियों से सौदेबाजी बढ़ाएगी परेशानी

*हड़ताली कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली यूनियन इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ मशीनिस्ट्स एंड एयरोस्पेस वर्कर्स (आईएएम) कंपनी के इस फैसले से नाखुश है। खासकर 767 मालवाहक कार्यक्रम को बंद करने को लेकर। यूनियन के नेता जॉन होल्डन ने कहा कि मीडिया के जरिए सौदेबाजी हड़ताल खत्म करने में मदद नहीं करेगी। कंपनी को उचित तरीके से बातचीत करनी चाहिए।*

## कंपनी पर 60 अरब डॉलर का है कर्ज

करीब 60 अरब डॉलर के भारी-भरकम कर्ज और लगातार नकदी की समस्याओं से बोइंग के हालात और बिगड़ गए हैं। ऐसे में कंपनी अपनी वित्तीय स्थिति स्थिर करने के लिए लगभग 10 अरब डॉलर जुटाने पर विचार कर रही है। कंपनी को 2024 की पहली छमाही में 7 अरब डॉलर से अधिक का परिचालन नकदी प्रवाह घाटा होने का अनुमान है। विशेषज्ञों का मानना है कि कंपनी को क्रेडिट रेटिंग बनाए रखने के लिए 10 अरब डॉलर से 15 अरब डॉलर जुटाने की जरूरत होगी, जो अभी जंक स्टेटस से केवल एक कदम दूर है। जंक से एक पायदान ऊपर की रेटिंग वह क्रेडिट रेटिंग है, जो निवेश-ग्रेड से नीचे है, लेकिन जंक जितनी जोखिमपूर्ण नहीं है। एजेंसी

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate
DAINIK BHASKAR JAIPUR 12 OCTOBER 2024

# एअर इंडिया की आपात लैंडिंग; ढाई घंटे हवा में चक्कर काटता रहा, 141 यात्री सुरक्षित

चेन्नई | तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से शारजाह जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट में शुक्रवार रात बड़ी तकनीकी खराबी आ गई। शाम 5.40 बजे उड़ान भरते ही प्लेन के लैंडिंग गियर से जुड़ा हाइड्रोलिक सिस्टम फेल हो गया। इसके बाद विमान करीब ढाई घंटे हवा में चक्कर काटता रहा, ताकि ईंधन कम किया जा सके। रात 8.14 बजे सुरक्षित लैंडिंग हुई। विमान में सवार सभी 141 यात्री और क्रू मेंबर सुरक्षित हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN HERALD BANGALORE 12 OCTOBER 2024

# Air India said to be carrier behind mystery 85-Jet Airbus order

**BLOOMBERG:** Airbus SE received an order for an additional 85 planes from Air India Ltd, according to people familiar with the matter, as the carrier looks to accelerate its growth ambitions in one of the world's fastest growing aviation markets.




The order for 75 A320neos single-aisle family aircraft and 10 A350 wide-body jets was placed in September, the people said, asking not to be identified because the discussions are private, and Air India may announce it at a later date.

Airbus, in its latest order and delivery report published Wednesday, disclosed that it had delivered 50 aircraft in September and booked 235 orders from customers, including 85 from an undisclosed buyer.

Representatives for Air India didn't immediately respond to a request for comment. Airbus declined to comment.

Tata Group-owned Air India is in the midst of a complicated process of absorbing Vistara, a joint venture carrier the Tata Group started with Singapore Airlines Ltd, and has been ordering new jets as it seeks to grab a bigger share of India's booming domestic, and robust outbound, markets.

It announced the purchase of 470 aircraft from Airbus and US rival Boeing Co in February 2023, including 250 jets from the European planemaker. The deal represented what was then the largest purchase in commercial aviation history.

Within India, Air India is up against local leader IndiGo, while the powerful Gulf carriers that have built a business ferrying Indians overseas through their mega hubs represent its biggest international competitors.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate
DECCAN HERALD BANGALORE 12 OCTOBER 2024

# Spicejet launches Shivamogga-Chennai flight

**SHIVAMOGGA, DHNS:** Spicejet launched flight service between Shivamogga and Chennai on Thursday.

With this, the number of flight operations from the airport from 8 to 12 per day. Until now, Star Air operated flights from Hyderabad to Goa via Shivamogga while Indigo Airlines operated flights between Bengaluru and Shivamogga.

Cargo service is expected to begin shortly after the completion of night landing facilities in the airport.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate
DAINIK JAGRAN KANPUR 12 OCTOBER 2024

# एअर इंडिया के विमान की त्रिची में इमरजेंसी लैंडिंग

**अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की घटना**

**चेन्नई, प्रेट्र :** तमिलनाडु के त्रिची अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से शुक्रवार शाम 5.40 बजे शारजाह के लिए उड़ान भरने वाले एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान हाइड्रोलिक सिस्टम में दिक्कत के कारण वापस लौट आया। लैंडिंग से पहले विमान हवाईअड्डे के ऊपर ढाई घंटे से अधिक समय तक हवा में चक्कर लगाता रहा।

इस दौरान विमान में सवार 141 यात्रियों की सांसे अटकी रहीं। शाम 6:05 बजे पूर्ण आपातकाल घोषित किए जाने के बाद रात 8:15 बजे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। लैंडिंग से पहले सुरक्षा के सभी प्रबंध



त्रिची हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग के बाद एअर इंडिया का विमान • प्रेट्र

कर लिए गए थे। सुरक्षित लैंडिंग के बाद सभी ने राहत की सासें लीं। नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने कहा कि विमानन नियामक डीजीसीए को मामले की जांच करने का आदेश दिया गया है ताकि घटना के पीछे का वास्तविक कारण पता चल सके। एअर इंडिया एक्सप्रेस को यात्रियों को आगे की यात्रा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था

- **शारजाह के लिए उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान के हाइड्रोलिक सिस्टम में आई दिक्कत**
- **ढाई घंटे से अधिक समय तक हवा में चक्कर लगाता रहा विमान, 141 यात्रियों की अटकी रहीं सांसें**

सहित सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने की सलाह दी गई है। त्रिची हवाईअड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद शारजाह जा रहे इस विमान के हाइड्रोलिक सिस्टम में दिक्कत के कारण विमान के लैंडिंग गियर में खराबी आ गई। इसकी जानकारी मिलने पर पायलट ने विमान को वापस त्रिची हवाईअड्डे की ओर डायवर्ट दिया। लैंडिंग से पहले ईंधन खत्म कर वजन कम करने के लिए विमान ने त्रिची हवाईअड्डे के ऊपर लगभग ढाई घंटे से अधिक समय तक हवा में चक्कर लगाया। आखिरकार पायलट ने सुरक्षित लैंडिंग कराई। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

## विमान में छेड़खानी का आरोप

**जासं, नई दिल्ली :** दिल्ली से चेन्नई जा रहे विमान में एक महिला ने सहयात्री पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। इंडिगो के मुताबिक, वारदात नौ अक्टूबर की है। उड़ान संख्या 6ई 2308 में एक महिला ने सहयात्री की क्रू से शिकायत की।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

FREE PRESS JOURNAL MUMBAI 12 OCTOBER 2024

# Trichy flight goes into a tizzy

**N Chithra**
CHENNAI

**Pilot circles for over two hours following landing glitch to reduce fuel and lands aircraft safely with 144 on board**

It was nothing short of a miracle in the skies of Tiruchi in Tamil Nadu on a Friday evening, as an Air India Express pilot skillfully circled over the airspace for over two hours with 144 persons on board following a hydraulic failure and landed the aircraft safely past 8 pm. Among those who had a miraculous escape were six children, sources said.

As per preliminary reports reaching Chennai, the AXB 613 flight bound for Sharjah had taken off from the Tiruchi airport at 5.43 pm. However, shortly after take off, the pilot noticed that the aircraft had encountered a technical fault due to which the landing gear did not retract.

The pilot then decided to return to Tiruchi airspace. As passengers spent tense moments with prayers on their lips, the pilot radioed the Tiruchi ATC and prepared for emergency landing. "As per standard operating procedure, the pilot circled in the air for over two hours to drain the fuel from the aircraft to a safe level and made a normal landing at night," a source said.

Contd on | nation



Ambulances outside the Trichy Airport after an Air India flight from Tirchy to Sharjah faced a mid-air emergency on Friday.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN NEW DELHI 13 OCTOBER 2024

# ट्रेन में टिकट नहीं, विमान का ढाई गुना बढ़ा किराया

## परेशानी

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिवाली और छठ पर सरकार की ओर से किए गए बंदोबस्त के बावजूद लोगों के लिए घर जाना आसान नहीं लग रहा है। एक तरफ जहां रेलगाड़ियों की घोषणा के साथ ही तुरंत टिकट की बुकिंग हो रही है वहीं, विमानन कंपनियों ने इस अवधि के दौरान किराया दो से ढाई गुना तक बढ़ा दिया है।

खासतौर से पटना, दरभंगा, रांची और बनारस जाने वाले विमानों के किराए में काफी वृद्धि देखने को मिल रही है। जानकारी के अनुसार दिवाली एवं छठ के अवसर पर दिल्ली से लाखों की संख्या में लोग पूर्व की तरफ सफर करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए लोगों ने 120 दिन पहले ही रोजाना चलने वाली गाड़ियों में अपनी टिकट बुक करा ली थी। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। अभी तक विशेष रेलगाड़ियों के माध्यम से दो महीने में लगभग तीन हजार फेरे लगाने की घोषणा हो चुकी है। इसके माध्यम से लगभग 60 लाख अतिरिक्त सीट केवल उत्तर रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। रेलवे द्वारा नई गाड़ी की घोषणा के बाद जैसे ही बुकिंग खुलती है, लोग तुरंत टिकट बुक कर लेते हैं।

## अतिरिक्त रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी

रेलवे अधिकारियों के अनुसार 27 अक्तूबर के बाद की स्थिति को ध्यान में रखते हुए कई अन्य विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जाएगा। इसमें कई अनारक्षित गाड़ियां भी शामिल होंगी। रेलवे द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि मांग के अनुसार अतिरिक्त गाड़ियों की घोषणा की जाए। स्टेशन पर भी रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे।



## पटना जाने में 15 हजार रुपये खर्च होंगे

विमान से दरभंगा जाने के लिए औसतन जहां छह हजार रुपये लगते थे वहीं, इस अवधि में 13 से 16 हजार रुपये लग रहे हैं। पटना के लिए तो विमान का किराया 15 हजार से भी ज्यादा पहुंच गया है।

| तारीख | दरभंगा | वाराणसी | रांची | पटना |
|---|---|---|---|---|
| 30 अक्तूबर | 15193 | 7421 | 10363 | 15270 |
| 31 अक्तूबर | 13602 | 7421 | 8578 | 15270 |
| 1 नवंबर | 15702 | 6399 | 5892 | 9103 |
| 2 नवंबर | 14600 | 6464 | 7738 | 11466 |
| 3 नवंबर | 16296 | 6793 | 8577 | 11886 |
| 4 नवंबर | 16910 | 6793 | 7738 | 9103 |
| 5 नवंबर | 16768 | 6846 | 6058 | 8263 |
| सामान्य किराया | 6000 | 5000 | 5100 | 4900 |

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE HINDU NEW DELHI 13 OCTOBER 2024



The Air India Express flight from Tiruchi to Sharjah that faced hydraulic failure. SPECIAL ARRANGEMENT

# DGCA begins probe into emergency landing of Air India

**R. Rajaram**
TIRUCHI

A senior official of the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) arrived at the Tiruchi International Airport from Chennai in the early hours of Saturday to conduct a detailed probe into the incident involving a Sharjah-bound Air India Express flight that made an emergency landing in Tiruchi on Friday. The aircraft developed a technical glitch caused by hydraulic failure.

**Determining the cause**

The DGCA official will examine the aircraft to determine the root cause of the incident, besides going through the conversation record between its pilot and the Air Traffic Control Tower.

The official is also expected to speak to the flight engineers and the pilot, said airport sources. The flight, which had developed the glitch soon after take-off from Tiruchi, has been stationed at the airport. It had circled the airport for over two-and-a-half hours on Friday before landing safely.

An airline source said there was a hydraulic failure warning in the cockpit, following which the pilots, out of abundant caution, decided to return to the airport.

"The aircraft made a normal landing and all passengers are safe," Airport Director G. Gopalakrishnan told *The Hindu*.

"The cause of the snag will be duly investigated. In the interim, an alternative aircraft is being arranged for the onward journey of our guests," a spokesperson of Air India Express said.

Responding to media reports that the aircraft circling the airport to burn fuel was due to an extended landing gear, an airline source said the gear had retracted after take-off.

Civil Aviation Minister Ram Mohan Naidu, in a post on X (formerly Twitter), said: "Air India Express flight AXB-613 has safely landed at Tiruchi Airport following a hydraulic failure. The crew and emergency ground teams acted swiftly to ensure the safety of all 141 passengers on board."

"Safety remains our highest priority in every operation," the Minister said.

Safety aviation expert Captain Mohan Ranganathan said: "It seems that either the engineer or the pilot didn't conduct a walkaround before the take-off, and they forgot to remove the landing gear pin. That could be a reason why pilots had to circle the airport and reduce the weight of the aircraft to less than maximum landing weight. Otherwise, if it was just an issue of extended landing gear, the pilots could have done an overweight landing."

Pins are inserted into the nose and main landing gear when the aircraft is on the ground to prevent inadvertent gear retraction during maintenance or towing and must be removed before a take-off.

*(Inputs from Jagriti Chandra)*

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

INDIAN EXPRESS NEW DELHI 13 OCTOBER 2024

# Boeing to cut 17,000 jobs, delay first 777X jet as strike hits finances

**REUTERS**
NEW YORK, OCTOBER 12

BOEING WILL cut 17,000 jobs — 10 per cent of its global workforce — delay first deliveries of its 777X jet by a year and record $5 billion in losses in the third quarter, as the US planemaker continues to spiral during a month-long strike.

CEO Kelly Ortberg said in a message to employees that the significant downsizing is necessary "to align with our financial reality" after an ongoing strike by 33,000 US West Coast workers halted production of its 737 MAX, 767 and 777 jets.




"We reset our workforce levels to align with our financial reality and to a more focused set of priorities. Over the coming months, we are planning to reduce the size of our total workforce by roughly 10 per cent . These reductions will include executives, managers and employees," Ortberg's message said.

Boeing shares fell 1.1 per cent in after-market trading.

The sweeping changes are a big move by Ortberg, who arrived in August at the helm of the beleaguered planemaker promising to reset relations with the union and its employees. Boeing recorded pre-tax earnings charges totaling $5 billion for its defense business and two commercial plane programs.